Roll No. ..................

# 901

## कक्षा 9वीं अर्द्ध वार्षिक परीक्षा, 2024-25

[401]

## HINDI

## हिन्दी

[Total No. of Questions: 23] [Total No. of Printed Pages: 08]

[Time: 03 Hours] [Maximum Marks: 75]

---

*निर्देश :–*

*(i)* *सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।*

*(ii)* *प्रत्येक प्रश्न के लिए आवंटित अंक उसके सम्मुख अंकित हैं।*

*(iii)* *प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक 30 वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रत्येक उप–प्रश्न पर 1 अंक निर्धारित हैं।*

*(iv)* *प्रश्न क्रमांक 6 से 17 तक कुल 12 प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 2 अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा लगभग 30 शब्द हैं।*

*(v)* *प्रश्न क्रमांक 18 से 20 तक कुल 3 प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 3 अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा लगभग 75 शब्द हैं।*

*(vi)* *प्रश्न क्रमांक 21 से 23 तक कुल 3 प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा लगभग 120 शब्द हैं।*

*(vii)* *प्रश्न क्रमांक 6 से 23 तक सभी प्रश्नों के आंतरिक विकल्प दिए गए हैं।*

प्र.1 सही विकल्प का चयन कर लिखिए – (1×6=6)

(i) ललद्यद किस भाषा की कवयित्री हैं?

(अ) ब्रजभाषा

(ब) अवधी

(स) कश्मीरी

(द) हिन्दी

(ii) कबीर की रचना का नाम है –

(अ) पद्मावत

(ब) गीतावली

(स) सूरसागर

(द) बीजक

(iii) 'रसात्मकं वाक्यं काव्यम्' परिभाषा है –

(अ) आचार्य विश्वनाथ

(ब) पं. जगन्नाथ

(स) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल

(द) भरत मुनि

(iv) किस पक्षी ने सालिम अली के जीवन की दिशा को बदल दिया था?

(अ) कबूतर

(ब) मैना

(स) गौरैया

(द) कौआ

(v) पंचतंत्र में समास है –

(अ) द्विगु

(ब) द्वंद्व

(स) तत्पुरुष

(द) अव्ययी

(vi) रामस्वरूप ने रतन से क्या मंगवाया?

(अ) चीनी

(ब) दूध

(स) मक्खन

(द) सब्जी

प्र.2 उचित शब्दों का चयन कर रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए – (1×6=6)

(i) कवि रसखान बार–बार ........................................ में जन्म लेना चाहते हैं। (ब्रजभूमि / काशी)

(ii) 'काली लहर कल्पना काली' पंक्ति में ........................................ अलंकार निहित है। (यमक / अनुप्रास)

(iii) वीर रस का स्थायी भाव ........................................ है। (रति / उत्साह)

(iv) तिब्बती लोग टोंटीदार बर्तन को ........................................ कहते थे। (खोटी / ज़ग)

(v) वे शब्दांश जो शब्द बनाते समय आरंभ में लगते हैं, ........................................ कहलाते हैं। (प्रत्यय / उपसर्ग)

(vi) नानी के मन में ........................................ की आजादी के प्रति जुनून था। (स्वयं / देश)

प्र.3 निम्नलिखित कथनों के समक्ष सत्य या असत्य लिखिए – (1×6=6)

(i) 'कैदी और कोकिला' के कवि सुमित्रानंदन पंत है।

(ii) रस के चार भेद होते हैं।

(iii) गाँधी जी के अनुसार हमें अपनी बुनियाद पर कायम रहना चाहिए।

(iv) जाबिर हुसैन का जन्म बिहार में हुआ था।

(v) हाथ का तत्सम रूप हस्त होता है।

(vi) विभीषिका से तात्पर्य भयंकरता से है।

प्र.4 सही जोड़ी का मिलान कर लिखिए – (1×6=6)

| | स्तम्भ (अ) | | स्तम्भ (ब) |
|---|---|---|---|
| (i) | ग्राम श्री | – | रतन |
| (ii) | काव्य की शोभा बढ़ाने वाले तत्व | – | हरिशंकर परसाई |
| (iii) | प्रेमचन्द के फटे जूते | – | सुमित्रानंदन पंत |
| (iv) | भानु+उदय | – | अलंकार |
| (v) | भी, ही, तक | – | स्वर संधि |
| (vi) | घर का नौकर था | – | निपात शब्द |

प्र.5 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए – (1×6=6)

(i) मनुष्य ईश्वर को कहाँ–कहाँ ढूँढ़ता फिरता है?

(ii) कविता के शाब्दिक अनुशासन को क्या कहते हैं?

(iii) 'पराकाष्ठा' शब्द का अर्थ क्या है?

(iv) 'कलई खुलना' मुहावरे का क्या अर्थ है?

(v) 'रीढ़ की हड्डी' का मुख्य पात्र कौन है?

(vi) 'मेरे संग की औरतें' में लेखिका कुल कितने भाई बहन थे?

प्र.6 छायावाद के चार आधार स्तम्भ कवियों के नाम लिखिए। (2)

अथवा

भक्तिकाल की दो विशेषताएँ लिखिए।

प्र.7 कबीर अथवा सुमित्रानंदन पंत के भाव सौन्दर्य की कोई दो विशेषताएँ लिखिए। (2)

प्र.8 कवि रसखान का ब्रज के वन, बाग, तालाब को निहारने के पीछे क्या कारण है? (2)

अथवा

गाँव को 'मरकत डिब्बे सा खुला' क्यों कहा गया है?

प्र.9 किस शासन की तुलना तम के प्रभाव से की गई है? और क्यों? (2)

अथवा

मानसरोवर से कवि कबीरदास का क्या आशय है?

प्र.10 यमक अलंकार की परिभाषा व उदाहरण लिखिए। (2)

अथवा

रस की परिभाषा लिखिए, रस के अंगों के नाम लिखिए।

प्र.11 महाकाव्य एवं खण्डकाव्य में कोई दो अंतर लिखिए। (2)

अथवा

दोहा छंद की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।

प्र.12 कहानी एवं एकांकी में कोई दो अंतर लिखिए। (2)

अथवा

यात्रावृत्तांत किसे कहते हैं?

प्र.13 प्रेमचन्द **अथवा** श्यामाचरण दुबे का साहित्यिक परिचय निम्न बिन्दुओं के आधार पर लिखिए – (2)

(i) रचनाएँ

(ii) भाषा शैली

प्र.14 'प्रेमचंद के फटे जूते' पाठ के आधार पर प्रेमचंद के व्यक्तित्व की विशेषताएँ लिखिए। (2)

अथवा

उपभोक्तावाद संस्कृति समाज के लिए चुनौती क्यों कहा है?

प्र.15 तिब्बत के लोग क्या लेकर घूमते थे? (2)

अथवा

सालिम अली पक्षी प्रेमी कैसे बने?

प्र.16 निम्नलिखित शब्दों के दो–दो पर्यायवाची लिखें – (2)

(i) आकाश

(ii) रात

अथवा

निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखते हुए वाक्यों में प्रयोग कीजिए –

(i) घी के दिए जलाना

(ii) नाक में दम करना

प्र.17 'रीढ़ की हड्डी' एकांकी का उद्देश्य लिखिए। (2)

अथवा

बाढ़ पीड़ित क्षेत्र में कौन–कौनसी बीमारी फैलने का खतरा होता है?

प्र.18 निम्नलिखित काव्यांश का संदर्भ–प्रसंग सहित भावार्थ लिखिए – (3)

ऊँचे कुल का जनमिया, जे करनी ऊँच न होय।

सुबरन कलस सुरा भरा, साधू निंदा सोइ।।

<u>अथवा</u>

थल–थल में बसता है शिव ही,

भेद न कर क्या हिंदू–मुसलमां।

ज्ञानी है तो स्वयं को जान,

वही है साहिब से पहचान।।

प्र.19 निम्नलिखित गद्यांश की संदर्भ–प्रसंग सहित व्याख्या लिखिए – (3)

तिब्बत में यात्रियों के लिए बहुत सी तकलीफें भी हैं और कुछ आराम की बातें भी। वहाँ जाति पाति, छुआछूत का सवाल ही नहीं है और न औरतें परदा ही करती हैं। बहुत निम्न श्रेणी के भिखमंगों को लोग चोरी के डर से घर के भीतर नहीं आने देते, नहीं तो आप बिल्कुल घर के भीतर चले जा सकते हैं।

<u>अथवा</u>

मेरी दृष्टि इस जूते पर अटक गई है। सोचता हूँ – फोटो खिंचवाने की अगर यह पोशाक है, पहनने की कैसी होगी? नहीं, इस आदमी की अलग–अलग पोशाकें नहीं होंगी – इसमें पोशाक बदलने का गुण नहीं है। यह जैसा है वैसा ही फोटो में खिंच जाता है।

प्र.20 'भविष्य में आप क्या बनना चाहते हैं' विषय पर विद्यार्थी एवं शिक्षक के बीच संवाद लिखिए। (3)

<u>अथवा</u>

'कृष्णा दुग्ध डेयरी' पर विज्ञापन तैयार कर लिखिए।

प्र.21 निम्नलिखित अपठित काव्यांश अथवा गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए – (4)

आओ मिलें सब देश बान्धव
हार बनकर देश के।
साधक बने, सब प्रेम से
सुख शांतिमय उद्देश्य के।
क्या सांप्रदायिक भेद से
है ऐक्य मिट सकता अहो!
बनती नहीं क्या एक माला
विविध सुमनों की कहो?

प्रश्न –

(i) उपर्युक्त काव्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

(ii) आपस में एकता बनाए रखने के लिए किसका उदाहरण दिया गया है?

(iii) उपर्युक्त काव्यांश का मूलभाव लिखिए।

<u>अथवा</u>

मनुष्य के व्यक्तित्व निर्माण में उसके विचारों की भूमिका महत्त्वपूर्ण होती है। सकारात्मक विचारों से मनुष्य का व्यक्तित्व तो निखरता ही है साथ ही आस–पास का वातावरण निर्मल व पवित्र हो जाता है। कहा जाता है "यथा संकल्प तथा सिद्धि' भावार्थ है जैसे मनुष्य के विचार होंगे वह वैसा बनता जाएगा। सकारात्मक विचारों से मनुष्य, जीवन की सारी परेशानियों का सामना कर उन्नति के पथ पर अग्रसर होता है।

प्रश्न –

(i) उपर्युक्त गद्यांश का सटीक शीर्षक लिखिए।

(ii) 'यथा संकल्प तथा सिद्धि' का भावार्थ क्या है?

(iii) उपर्युक्त गद्यांश का सारांश लिखिए।

प्र.22 स्थानान्तरण प्रमाण–पत्र प्राप्त करने के लिए अपने विद्यालय के प्राचार्य को आवेदन–पत्र लिखिए। (4)

<u>अथवा</u>

अपनी वार्षिक परीक्षा की तैयारी से अवगत कराते हुए अपने पिताजी को पत्र लिखिए।

प्र.23 निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर रूपरेखा सहित सारगर्भित निबंध लिखिए – (4)

(i) पर्यावरण प्रदूषण : कारण एवं निदान

(ii) मेरी प्रिय पुस्तक

(iii) जीवन में खेलों का महत्त्व

(iv) जल संरक्षण

(v) विद्यार्थी एवं अनुशासन

---